खास-खबरें

12 सितंबर को होगी नेशनल लोक अदालत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 12 सितंबर को जिला न्यायालय भोपाल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10:15 बजे होगा। आयोजन के दौरान संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला न्यायालय में होने वाली इस लोक अदालत के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

आरोग्य भारती का वार्षिकोत्सव आज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: आरोग्य भारती भोपाल महानगर का 12वां वार्षिकोत्सव 10 सितंबर को हंसध्वनि सभागार, रविंद्र भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से शुरू होगा। वार्षिकोत्सव का मुख्य विषय 'सर्व समावेशी स्वास्थ्य के लिए आध्यात्मिक स्वास्थ्य आवश्यक है' रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पुंडरीक गोस्वामी उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर होंगे, जबकि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य में आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व को बताना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

अस्मिता मेमोरियल वेलफेयर फाउंडेशन ने मजदूरों को बांटे कंबल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: अस्मिता मेमोरियल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से असहाय और जरूरतमंद मजदूरों को गर्म कंबल वितरित किए गए। संस्था ने रोजी-रोटी के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से राजधानी आने वाले श्रमिकों की सहायता के उद्देश्य से यह पहल की। फाउंडेशन के संस्थापक अशोक डहारे, अध्यक्ष निर्मल बोवाडे, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र साहू तथा कवि सुरेश सोनपुरे 'अजनबी' ने भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को नए गर्म कंबल प्रदान किए।

दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: भाजपा के दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक को मंत्री उदय प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन और पूर्व सांसद आलोक संजर ने संबोधित किया। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संदीप रजक ने की। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों तक घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

सेवा भारती मध्यभारत की साधारण सभा की 36वीं बैठक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: सेवा भारती मध्यभारत की साधारण सभा की 36वीं बैठक आनंदधाम परिसर में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता और महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। बैठक में सह सचिव मार्तंड सिंह ने गत वर्ष की कार्यवाही का वाचन किया। कोषाध्यक्ष राजनारायण अग्निहोत्री ने लेखा-जोखा और आगामी बजट प्रस्तुत किया। सचिव राजेश जैन ने सेवा गतिविधियों की समीक्षा, वार्षिक प्रतिवेदन और आगामी कार्ययोजना रखी। बैठक में अध्यक्ष डॉ. पी.एस. बिंद्रा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोदानी और सचिव राजेश जैन उपस्थित रहे।

14 सितंबर को सुबह हरतालिका तीज और दोपहर में होगी गणेश प्रतिमा की स्थापना

26 साल में चौथी बार महासंयोग, माता-पिता और पुत्र का एक साथ होगा पूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: इस बार हरतालिका तीज और श्री गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर को एक ही दिन मनाया जाएगा। तिथि के विशेष संयोग के कारण 26 वर्षों में चौथी बार ऐसी स्थिति बन रही है, जब एक ही दिन माता-पिता भगवान शिव और माता पार्वती के साथ पुत्र भगवान गणेश की पूजा होगी। इससे पहले 2004, 2011 और 2023 में भी यह संयोग बना था। आचार्य पंडित रामचंद्र शर्मा के अनुसार 14 सितंबर को सूर्योदय के समय तृतीया तिथि रहेगी, इसलिए हरतालिका तीज का व्रत इसी दिन रखा जाएगा। तृतीया सुबह 7:09 बजे तक रहेगी और इसके बाद चतुर्थी तिथि शुरू होगी, जो 15 सितंबर सुबह 7:45 बजे तक रहेगी। धर्मशास्त्रों में भगवान गणेश का जन्मकाल दोपहर का माना गया है। 14 सितंबर को दोपहर के समय चतुर्थी तिथि होने के कारण इसी दिन गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। अगले दिन सूर्योदय के समय चतुर्थी रहेगी, लेकिन दोपहर में पंचमी शुरू हो जाएगी। वर्ष 2023 में भी ऐसी स्थिति बनी थी और तब कई लोगों ने चतुर्थी दो दिन मनाई थी।

इस बार 12 दिन भक्तों के साथ रहेंगे गणपति: गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर को स्थापना के साथ शुरू होगा और 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन प्रतिमा विसर्जन के साथ समाप्त होगा। इस तरह इस बार गणपति उत्सव 12 दिनों तक चलेगा।

चित्रा-स्वाति नक्षत्र और ब्रह्म-इंद्र योग का संयोग: 14 सितंबर को सोमवार होने के साथ चित्रा और स्वाति नक्षत्र तथा ब्रह्म और इंद्र योग का संयोग भी रहेगा। सोमवार भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। ऐसे में एक ही दिन माता पार्वती, भगवान शिव और प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आराधना का अवसर मिलेगा। पंडितों के अनुसार ऐसा संयोग बार-बार नहीं बनता, इसलिए इस दिन का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है।

दादाजी धाम में आज होगी माटी गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला

रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में गुरुवार को माटी गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित होगी। दादाजी धाम मंदिर एवं नर्मदा समग्र न्यास के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला दोपहर 12 से 2 बजे तक चलेगी। प्रशिक्षक मनोज जोशी बच्चों, महिलाओं और श्रद्धालुओं को प्राकृतिक माटी से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा बनाना सिखाएंगे। कार्यशाला में पर्यावरण और जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जाएगा। श्रद्धालुओं को घर पर प्रतिमा विसर्जित कर उसी माटी से पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

वाहन मालिक नर्सिंग अफसर के पास पहुंचने पर मामला हुआ उजागर

चोरी की स्कूटी के ई-चालान से बदल गया जांच का एंगल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: हमीदिया अस्पताल से चोरी हुई नर्सिंग अफसर की स्कूटी के मामले में 17 दिन बाद पुलिस को ऐसा सुराग मिला है, जिसने जांच का पूरा एंगल बदल दिया। कोहेफिजा थाना क्षेत्र से 22 अगस्त को चोरी हुई स्कूटी बरामद नहीं हो सकी है, लेकिन वाहन मालिक के घर पहुंचा ई-चालान पुलिस के लिए अहम सुराग बन गया।

चालान में स्कूटी चलाने वाली महिला की तस्वीर है, जो पुलिस कांस्टेबल नजर आ रही है। नर्सिंग अफसर नीलू साहू की स्कूटी का 2 सितंबर को दोपहर 12:22 बजे ई-चालान कटा था। जानकारी के अनुसार अपेक्स बैंक तिराहे से रोशनपुरा की ओर जाते समय चालक ने लाल बत्ती पार की थी। इसके बाद यातायात विभाग ने वाहन का ई-चालान जारी किया, जो स्कूटी के पंजीकृत मालिक के घर पहुंचा। चालान के साथ लगी तस्वीर देखने के बाद नीलू साहू हैरान रह गईं। उन्होंने तत्काल पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर चोरी हुई स्कूटी बरामद करने की मांग की। इसके बाद कोहेफिजा पुलिस ने तस्वीर में दिखाई दे रही महिला कांस्टेबल की पहचान और स्कूटी तक उसके पहुंचने की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है।

सीसीटीवी में कैद हुआ था संदिग्ध

नीलू साहू 22 अगस्त की सुबह करीब 8:05 बजे स्कूटी से हमीदिया अस्पताल पहुंची थीं। मेट्रन कार्यालय के सामने स्कूटी खड़ी कर वह अंदर चली गईं। करीब 25 मिनट बाद लौटने पर स्कूटी गायब मिली। वाहन में उनका बैग भी रखा था। जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज में सफेद शर्ट पहना एक संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी ले जाते हुए दिखाई दिया था। पुलिस इसी आधार पर स्कूटी और संदिग्ध की तलाश कर रही थी। अब ई-चालान में सामने आई तस्वीर के बाद पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की स्कूटी महिला कांस्टेबल तक कैसे पहुंची। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि स्कूटी उसने खरीदी है, किसी से ली है या तस्वीर में दिखाई दे रही महिला कोई और व्यक्ति है।

व्हाट्सएप पर ई-चालान की एपीके फाइल खोली, बैंक खाते से निकल गए 95 हजार रुपये

ई-चालान के नाम पर व्हाट्सएप के जरिए भेजी गई एपीके फाइल डाउनलोड करना एक युवक को महंगा पड़ गया। फाइल डाउनलोड करते ही उसका मोबाइल हैक हो गया और कुछ दिन बाद बैंक खाते से 95 हजार 445 रुपये निकाल लिए गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कुंदन नगर, बागमुगालिया निवासी ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी (33) ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त की शाम करीब सात बजे उनके व्हाट्सएप पर ई-चालान के नाम से एक एपीके फाइल आई थी। उन्होंने बिना जांच किए फाइल डाउनलोड कर ली। फाइल डाउनलोड करने के बाद उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद 5 सितंबर को उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 95,445 रुपये निकल गए। बैंक खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर और रकम निकाले जाने से संबंधित जानकारी जुटा रही है।

संत हिरदाराम नगर में विकास कार्यों का अपर आयुक्त ने लिया जायजा

निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश, गुणवत्ता पर भी दिया जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: नगर निगम के अपर आयुक्त अभिषेक सिंह ने बुधवार को जोन क्रमांक-1 के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और निर्धारित समय-सीमा की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बैरागढ़ कलां और आरोग्य केंद्र पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा दो अन्य स्थानों पर नाली निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। वहीं गिदवानी पार्क की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है। अपर आयुक्त अभिषेक सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चल रहे निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्माण में निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी की जाए, ताकि काम समय पर पूरा होने के साथ उसकी गुणवत्ता भी बनी रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री एसके राजेश सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

12 साल से पति से अलग रह रही महिला ने एसिड पीकर दी जान, अस्पताल में मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: शाहपुरा थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय महिला ने घर में रखा एसिड पीकर आत्महत्या कर ली। महिला करीब 12 वर्षों से पति से अलग रह रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र निवासी गोमती कुशवाहा पति जगदीश (32) घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। वह करीब 12 साल से पति से अलग रह रही थी। उसके दो बच्चे हैं। बेटा पति के साथ, जबकि बेटी नानी के पास रहती है। पुलिस के मुताबिक बीती दोपहर गोमती ने घर में रखा एसिड पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद परिजनों को सौंप दिया। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चलती कार में अचानक लगी आग निगम अधिकारी बाल-बाल बचे

बोनट से धुआं और आग निकलते देख राहगीर ने दी सूचना, कुछ ही देर में पूरी कार जलकर खाक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: नगर निगम भोपाल की राजस्व शाखा के संयुक्त राजस्व आयुक्त राजीव नंदन श्रीवास्तव की ड्यूटी में लगी अर्टिगा कार में मंगलवार रात अचानक आग लग गई। हादसे के समय कार में अधिकारी और चालक सवार थे। समय रहते कार से बाहर निकल जाने के कारण दोनों सुरक्षित बच गए, लेकिन देखते ही देखते पूरी कार आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार देर शाम ड्यूटी पूरी करने के बाद चालक राजीव नंदन श्रीवास्तव को कार्यालय से घर लेकर जा रहा था। दाता कॉलोनी स्थित सीटीओ रोड पर बाजार के आगे मोड़ के पास एक राहगीर ने कार को रुकवाकर चालक को बोनट से धुआं और आग निकलने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही चालक ने तत्काल कार रोक दी। राजीव नंदन श्रीवास्तव भी बिना देर किए कार से बाहर निकल गए। उनके बाहर आते ही आग तेजी से फैलने लगी और कुछ ही देर में पूरी अर्टिगा धू-धूकर जलने लगी। घटना की सूचना तत्काल 112 और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। बताया गया कि यदि अधिकारी और चालक कार से बाहर निकलने में कुछ मिनट की भी देरी करते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की शिकायत पुलिस में की गई है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

साधु वासवानी विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह

जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षित होना जरूरी: सिद्धभाऊ

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर : साधु वासवानी स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 100 शिक्षक-शिक्षिकाओं को संतजी के शिष्य सिद्धभाऊजी ने श्रीफल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। भाऊजी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के बिना व्यक्ति का कोई मोल नहीं है। प्रत्येक विद्यार्थी में आगे बढ़ने का जज्बा होना चाहिए।

पढ़ाई विद्यार्थियों का ध्येय है और इस ध्येय को प्राप्त करने के लिए तपस्या एवं निरंतर मेहनत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि माता-पिता और गुरुजनों का सदैव सम्मान करें, क्योंकि उनका स्थान भगवान से भी बढ़कर है। विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए अवसरों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा देनी चाहिए। सिद्धभाऊजी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माता होते हैं। एक अच्छा शिक्षक बच्चों में ज्ञान के साथ संस्कार और सही दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में कर्नल नारायण पारवानी, हीरो ज्ञानचंदानी, आइलदास साधवानी, कन्हैयालाल रामनानी, महेश दयारामानी, वासुदेव मोतियानी, जनक थडानी, लखन भागचंदानी एवं मनोहर वासवानी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बाहर से कुंडी लगाकर बुजुर्ग दंपत्ति के घर से उड़ाया माल

भोपाल। गोविंदपुरा थाना क्षेत्र के शक्तिनगर में अज्ञात चोरों ने बुजुर्ग दंपत्ति के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पहले मकान के मुख्य दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी और इसके बाद खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर दाखिल हुए। घर में तलाशी लेने के बाद नकदी, चांदी के सिक्के, गुल्लक समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह नींद खुलने पर बुजुर्ग दंपति को वारदात का पता चला। पुलिस के अनुसार शैलेंद्र ओझा (64) निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि रविवार रात खाना खाने के बाद वह पत्नी के साथ पहली मंजिल पर सोने चले गए थे। सोमवार सुबह नीचे आने पर उन्होंने मुख्य दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन वह बाहर से बंद था।

किसी तरह मुख्य दरवाजे तक पहुंचने पर उन्हें वहां दो सूटकेस पड़े दिखाई दिए। पास की खिड़की की ग्रिल भी कटी हुई थी।

शिक्षिकाओं को श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं भेंट की

हिरदाराम नगर। बजरंग सेना समिति द्वारा भगवान श्रीकृष्ण छठमहोत्सव पर शिक्षिकाओं को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट कीं। स्कूल प्राचार्य राज बतरा ने बजरंग सेना समिति के सभी कार्यकर्ताओं का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, महेश खटवानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, सचिव राज कुमार धानुक एवं जगदीश कुमार सांवले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मानसून *12 सितंबर से बारिश की गतिविधियां बढ़ने के आसार, प्रदेश में अब भी सामान्य से 6% कम वर्षा...*

मप्र में 11 सितंबर से नया मौसमी तंत्र होगा सक्रिय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: मध्य प्रदेश में फिलहाल तेज बारिश का दौर थम गया है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश में भारी या अति भारी बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 9 से 11 सितंबर तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत शांत रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। स्थानीय परिस्थितियां अनुकूल रहने पर कुछ जिलों में तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 11 सितंबर को पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में नया कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत हैं। इसके प्रभाव से 12 सितंबर से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां फिर बढ़ सकती हैं। 12 सितंबर को छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में भारी बारिश होने के आसार हैं। इसके बाद मौसमी तंत्र के आगे बढ़ने के साथ अन्य क्षेत्रों में भी बारिश बढ़ सकती है। बुधवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छंटने के बाद धूप खिली रही। भोपाल सहित कई जिलों में दिनभर धूप रही। वहीं श्योपुर, उज्जैन, इंदौर, धार, खरगोन और बड़वानी में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई और बादल छाए रहे।

पश्चिमी मप्र में बारिश की कमी ज्यादा

आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, देवास, धार, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा समेत कई जिलों में सामान्य से 7 से 55 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश के 23 जिलों में अब तक सामान्य से अधिक बारिश हुई है। इनमें अनूपपुर, छतरपुर, मैहर, मऊगंज, निवाड़ी, पन्ना, सतना, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आगर-मालवा, भिंड, भोपाल, बुरहानपुर, दतिया, गुना, ग्वालियर, खरगोन, राजगढ़, श्योपुर और शिवपुरी शामिल हैं। जून में प्रदेश में सामान्य से 14 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। जुलाई और अगस्त में बारिश के कई दौर आने के बावजूद जून की कमी पूरी तरह दूर नहीं हो सकी। फिलहाल पूरे मानसून सत्र में प्रदेश में सामान्य से करीब 6 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में सामान्य मानसूनी बारिश करीब 37.3 इंच मानी जाती है।

पूर्वी हिस्से में सुधरा बारिश का आंकड़ा

पिछले सप्ताह पूर्वी मध्य प्रदेश में हुई अच्छी बारिश से वर्षा की कमी कुछ कम हुई है। जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में बारिश का अंतर घटा है। बालाघाट, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, दमोह, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, मंडला, रीवा, सागर और सिवनी सहित कई जिलों में सामान्य से 4 से 24 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है।